# वार्षिक रिपोर्ट

सत्र : 2021–22

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली)

ज़िला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश।

दिनांकः 16 मार्च, 2022

15वां

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

माननीय मुख्य अतिथि महोदय

श्री गोविन्द सिंह ठाकुर

शिक्षा, भाषा कला और संस्कृति मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार

की अध्यक्षता में

प्रस्तुति

डॉ0 मनदीप शर्मा

प्राचार्य

परम श्रद्धेय श्री गोविन्द ठाकुर जी, शिक्षा, भाषा कला और संस्कृति मंत्री, हि0 प्र0 सरकार, छात्र अभिभावक संघ, अध्यक्ष श्री सरबदयाल जी एवं अन्य सदस्यगण, पूर्व प्राचार्य, उपस्थित अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद् के प्रधान एवं अन्य सदस्यगण, पूर्व छात्र संगठन के सदस्य व सभी पत्रकार बन्धु एवं उपस्थित बुद्धि जीवी वर्ग एवं छात्र साथियो।

आज हमारे लिए यह अत्यंत ही गर्व व गौरव का विषय है कि मनाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक व शिक्षा, भाषा कला और संस्कृति मंत्री एक जुझारू, अनुठी कार्यशैली के लिए जाने जाने वाले व लोकप्रिय नेता हमारे महाविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए है। अपने व्यस्त कार्यों के बीच भी आपने हमारे इस आयोजन में शामिल होना स्वीकार किया उसके लिए आपका हृदय से आभारी है।

हम आभारी हैं कि आपने समय–2 पर महाविद्यालय की ओर से रखी गई मांगो पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया है और निरंतर हमारी समस्याओं का समाधान भी किया है यही कारण है कि महाविद्यालय नित नए–2 आयाम स्थापित करता जा रहा है और इस बात में कोई दो राय नहीं कि आने वाले समय में भी आपके इस महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए हमें उन सभी विकास कार्यों व शैक्षणिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आपका साथ मिलता रहेगा–हम पूरी तरह आश्वस्त हैं, हम आभारी है।

सर, आपके समक्ष हमने एम.ए अंग्रेज़ी व एम.ए राजनीति विज्ञान की मांग रखी थी आपने तत्काल पूर्ण की हैं हम उसके लिए एक बार फिर आपको हृद्य से धन्यवाद करते हैं।

महोदय, आपकी अनुमति से मैं प्राचार्य, रा0म0वि0 हरिपुर डॉ0 मनदीप शर्मा सत्र 2021–22 के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक (Co-Curricular) व अन्य गतिविधियों को संक्षेप में आपके समक्ष रखने जा रहा हूं।

**नामांकन** : वर्ष 2021–22 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 1075 है जिसका विस्तृत विवरण तालिका में दिया गया है।

| संकाय | कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | ओ.बी.सी. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| कला | बी.ए.प्रथम बर्ष | 142 | 106 | 242 | 38 | 33 | 71 | 19 | 16 | 35 | 04 | 03 | 07 |
| | बी.ए.द्वितीय वर्ष | 45 | 60 | 105 | 13 | 12 | 25 | 12 | 12 | 24 | 00 | 00 | 00 |
| | बी.ए.पांचवा सत्र | 70 | 91 | 161 | 09 | 17 | 26 | 14 | 10 | 24 | 02 | 03 | 05 |
| | **कुल** | **257** | **257** | **508** | **60** | **62** | **122** | **45** | **38** | **83** | **06** | **06** | **12** |
| वाणिज्य | बी.कॉम.प्रथम बर्ष | 16 | 25 | 41 | 06 | 02 | 08 | 03 | 02 | 05 | 02 | 02 | 04 |
| | बी.कॉम.द्वितीय वर्ष | 22 | 13 | 35 | 02 | 01 | 03 | 04 | 02 | 06 | 01 | 00 | 01 |
| | बी.कॉम.तृतीय वर्ष | 31 | 13 | 44 | 05 | 02 | 07 | 05 | 00 | 05 | 03 | 00 | 03 |
| | **कुल** | **69** | **51** | **120** | **13** | **05** | **18** | **12** | **04** | **16** | **06** | **02** | **08** |
| विज्ञान | बी.एस.सी.प्रथम वर्ष | 16 | 12 | 28 | 02 | 02 | 04 | 06 | 03 | 09 | 00 | 00 | 00 |
| | बी.एस.सी.द्वितीय वर्ष | 11 | 06 | 17 | 01 | 01 | 02 | 04 | 05 | 09 | 00 | 00 | 00 |
| | बी.एस.सी.तृतीय वर्ष | 14 | 22 | 36 | 02 | 02 | 04 | 10 | 03 | 13 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **41** | **40** | **81** | **05** | **05** | **10** | **20** | **11** | **31** | **00** | **00** | **00** |
| | बी.वॉक प्रथम सत्र | 13 | 07 | 20 | 03 | 05 | 08 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **13** | **07** | **20** | **03** | **05** | **08** | **00** | **00** | **00** | **00** | **00** | **00** |
| | एम.ए प्रथम सत्र (राजनीति विज्ञान) | 04 | 19 | 23 | 00 | 02 | 02 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **04** | **19** | **23** | **00** | **02** | **02** | **00** | **01** | **01** | **00** | **00** | **00** |
| | एम.ए प्रथम सत्र (अंग्रेज़ी) | 01 | 03 | 04 | 00 | 01 | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **01** | **03** | **04** | **00** | **01** | **01** | **00** | **01** | **01** | **00** | **00** | **00** |
| | **कुल योग** | **385** | **377** | **762** | **81** | **80** | **161** | **77** | **55** | **132** | **12** | **08** | **20** |

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य वर्ग | — | 762 |
| अनुसूचित जाति | — | 161 |
| अनुसूचित जनजाति | — | 132 |
| ओ.बी.सी. | — | 20 |
| **कुल छात्र** | — | **1075** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' के चलते अब परिणामों का तरीका पहले की व्यवस्था से एकदम बदल गया है। 'ग्रेडिंग सिस्टम' के कारण अब परिणाम C.G.P.A. पर आधारित है। संकायवार परिणाम तैयार किए गए हैं जिसके अन्तर्गत यह तालिका उन विद्यार्थियों के परिणामों पर आधारित है जिनके परिणाम घोषित हुए है।

**स्कायवार परिणाम तालिका :—बी.ए. / बी.एस.सी / बी.कॉम तृतीय वर्ष**

| कमांक | संकाय | कुल छात्र | उतीर्ण छात्र | महाविद्यालय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कला | 104 | 102 | 98 |
| 2 | विज्ञान | 30 | 29 | 96 |
| 3 | वाणिज्य | 36 | 36 | 100 |

## छात्रवृतियां :

वित्त वर्ष 2021—22 के अन्तर्गत अलग—अलग योजनाओं के तहत विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई।

अनुसूचित जाति के अन्तर्गत — छात्रों व छात्राओं, अनुसूचित जनजाति के छात्रों अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं व आई.आर.डी.पी. के छात्र व छात्राओं को डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत निर्धारित धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाता में सीधी डाली गईं।

## बजट

| बजट | वेतन | एम एण्ड एस | ओ.ई. | एम.आर. | एम.आर.आर |
|---|---|---|---|---|---|
| बजट | 30000000 | 3307500 | 540000 | 2751 | 8378 |
| खर्चा | 28315329 | — | 538266 | 2750 | 4656 |
| बकाया | 1684671 | 3307500 | 1734 | 1.00 | 3722 |

## निर्माण कार्य

महोदय, वर्ष 2021–22 के बीच बास्केटवॉल कॉर्ट, बेडमिंटन कॉर्ट व कैम्पस ब्यूटिफिकेशन का काम चल रहा है।

## स्थानान्तरण एवं रिक्तियां

महाविद्यालय में सत्र 2021–22 के दौरान प्रो0 सरिता कुमारी जीव विज्ञान का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 मोनिका कुमारी ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 देछेन छोमो, वाणिज्य विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 इंदु ठाकुर ने पद ग्रहण किया।

डॉ0 रामनाथ, वनस्पति विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 हरीश ने स्थान ग्रहण किया।

प्रो0 रेवतराम पठानिया, हिन्दी विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 उरसेम लता ने पद ग्रहण किया।

प्रो0 राजेश कुमार, रसायन विज्ञान का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 रामसिंह ने स्थान ग्रहण किया।

डॉ0 राकेश राणा, अंग्रेज़ी विभाग, का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 सुरेन्द्र कुमार ने स्थान ग्रहण किया।

प्रो0 सोहन लाल, भौतिक विज्ञान, का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर किसी ने भी पद ग्रहण नहीं किया।

श्री रमेश चन्द, जे.एल.ए. की पदोन्नति हुई और उनका पद महाविद्यालय में रिक्त है।

महोदय, जहां तक रिक्तियों का सवाल है, नए भवन को बने आठ वर्षों से अधिक का समय हो चुका है परन्तु 'स्वीपर' के पद रिक्त पड़े है और पी.टी.ए. पर एक महिला कार्य कर रही है परन्तु इतने बड़े भवन के लिए एक सफाई कर्मचारी काफी नहीं है।

– महाविद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है और 'रूसा' के बाद लाइब्रेरी में विद्यार्थियों का आना जाना बहुत अधिक बढ़ गया है जबकि पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है। इसके अतिरिक्त एक एसिस्टेंट लाइब्रेरियन, एक एटैंडेन्ट, एक रिस्ट्रोरर का पद रिक्त पड़ा है।

– विज्ञान संकाय में भी 2 जे.एल.ए., 3 लैब अटेंडेन्ट के पद रिक्त पड़े हैं। इसी तरह संगीत विभाग में लम्बे समय से तबला वादक नहीं है जिस कारण विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करने में कठिनाई आ रही है।

अन्त में एक और महत्वपूर्ण ज़रूरत जो महसूस की जा रही है वह है–प्राध्यापकों की कमी। इस नई व्यवस्था में एक प्राध्यापक तीनों कक्षाओं को चला पाने में असमर्थ है इस कमी के चलते 'रूसा' के उद्धेश्यों को पूर्ण करना लगभग नामुमकिन है इस कारण विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों को भी अत्याधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## अभिभावक–अध्यापक संघ :

अध्यापकों–छात्रों–अभिभावकों के बीच संवाद कायम करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में 'पी.टी.ए.' का गठन भी प्रतिवर्ष किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां में सहयोग करता है बल्कि साथ ही साथ अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण भी करता है। सत्र 2021–22 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है :–

प्रधान : श्री सर्व दयाल
उपप्रधान : श्री विजय कुमार
सचिव : प्रो0 लाल चन्द
सह सचिव : श्री चने राम
कोषाध्यक्ष : श्री हंसराज
सदस्य : सभी अध्यापक गण

पी.टी.ए. में एकत्रित कुल धनराशि 495870.55/–हुई। इसमें से विभिन्न विकासात्मक/सांस्कृतिक गतिविधियों व छात्रों के हितों से जुड़े अन्य कार्यों हेतु कुछ धनराशि व्यय की गई।

## उत्कृष्ट महाविद्यालय के अंतर्गत व्यय की गई धनराशि–

महोदय, वर्ष 2020–21 में उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत इस महाविद्यालय को एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई। जिसमें विभिन्न विभागों पर खर्च की गई धनराशि का विवरण निम्नलिखित है–

| S.No. | Items | Total Estimated Amount (in Rs) | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Component 1 (Academic upgradation) | 495790/- | |
| 2 | Carriar Guidance Cell | 1000000/- | **The firm has not conducted JobMela/Carriar Counselling.** |
| 3 | To Strength Existing Sports, Cultural and Infrstructure/ Smart Class room & Virtual Class rooms | 2489498/- | |
| 4 | Maintenance/Renovation | 2500000/- | |
| 5 | Compelete Digitization and e-Library | 1786598/- | |
| | **Total** | **8271886/-** | |

## पुस्तकालय :

यदि किसी असाधारण प्रतिभा वाले आदमी से हमारा सामना हो तो हमें उससे पूछना चाहिए कि वो कौन सी पुस्तकें पढ़ता है– इमर्सन

उपरोक्त उक्ति के अनुरूप समय–समय पर महत्वपूर्ण पुस्तकों को पुस्तकालय में शामिल किया जाता रहा है और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि ऐसी पुस्तके जिनसे विद्यार्थियों की सोच–समझ व पठन् – पाठन में रूचि बढ़े, को शामिल किया जाए ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके।

विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए जाते हैं और उनकी रूचि व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हिन्दी व अंग्रेज़ी की पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया है–

1. हिमाचल व कुल्लू से सम्बन्धित पुरानी दुर्लभ व नवीनतम पुस्तकें लगभग –230
2. 29 फरवरी, 2021 तक कुल पुस्तकें–4047 इनमें से 1296 पुस्तकें उपहार एवं दान स्वरूप व 2751 पुस्तकें विभागीय धन से खरीदी गई।
3. सत्र के दौरान जुलाई, 2019 से 29 फरवरी, 2021 तक पुस्तकालय सदस्यों (विद्यार्थी एवं प्रध्यापकों) को कुल 528 पुस्तके निर्गम (issue) की गई।
4. सत्र के दौरान जून, 2019 से 29 फरवरी, 2021 कुल 6848 आगन्तुक पुस्तकालय में पुस्तकें निर्गम करने, पढ़ने व सन्दर्भ के लिए आये।
5. सत्र के दोरान 8 दैनिक समाचार पत्र जिनमें तीन अंग्रेज़ी (Hindu, Times of India और Tribune) पांच हिन्दी (1) अमर उजाला (2) दैनिक जागरण (3) पंजाब केसरी (4) दिव्य हिमाचल(5) दैनिक भास्कर पुस्तकालय में पढ़ने के लिए लगाये है।

6. निम्नलिखित 6 पत्रिकाएं जो हिन्दी व अंग्रेज़ी की महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए दान स्वरूप मुफ्त आती हैं:
   1 हिमाचल स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ लेंग्वेज़ आर्ट एण्ड क्लचर News Letter 2 Inflibnet News Letter 3वन सन्देश 4 इतिहास दिवाकर 5 मोनाल 6 डाऊन टू अर्थ।

## पत्रिका 'मनुधरा' (2019 से 2021 तक)

पठन–पाठन में रूचि बढ़ाने, लेखकीय प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से पत्रिका मनुधरा बहुत उपयोगी सिद्व हुई है। पिछले अंक इस बात के प्रमाण रहे हैं प्रयत्न रहा है कि पत्रिका में केवल मौलिक लेख छपें। संपादक मण्डल विशेष तौर पर इस बात के प्रति सजग रहता है। 15 साल के इस अन्तराल में इस बार पत्रिका का 13वां अंक प्रकाशित होगा जिसमें वर्ष 2021–22 अंक के लिए चयनित संपादक मंडल का ब्यौरा इस प्रकार है :–

मुख्य संपादकः डॉ0 उरसेम लता

| विषय | अध्यापक संपादक | छात्र संपादक |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | डॉ0 मही योगेश | कशिश सोनी |
| हिन्दी | डॉ0 उरसेम लता | नितिका |
| पहाड़ी | प्रो0 स्नेह लता | समना देवी |
| संस्कृत | प्रो0 जीत राम | बृन्दा ठाकुर |
| वाणिज्य | डॉ0 मनीष सूद | अभिषेक ठाकुर |
| विज्ञान | प्रो0 करम सिंह | शुभम |

## 'प्राचार्य का सम्बोधन'

फरवरी, 2021 को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 मनदीप शर्मा ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और रूसा की जानकारी के अतिरिक्त वर्ष भर में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को पढ़ाई व अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं भी निश्चित समय सीमा में हर कार्य के लिए अपने उपर भी लागू करते हैं इसलिए जो भी मांगे महाविद्यालय के विकास को गति देने के लिए रखी जाएंगी उसे तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं तय करते हुए मुख्य सड़क से कॉलेज तक की सड़क, लाइब्रेरी में ए.सी. की सुविधा ऑफिस व ईमारत के महत्वपूर्ण स्थानों में इंटरनेट की सुविधा के बारे में विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ को जल्द ही यह सब कार्य करवाए जाने का आश्वासन दिया।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद्
## "NAAC"

महोदय, 2006 में खुले इस महाविद्यालय की यह बड़ी उपलब्धि है कि मात्र 11 सालों के भीतर प्रशासन ने 18–19 सितम्बर, 2017 को NAAC की टीम को आमन्त्रित किया था। टीम ने कॉलेज को 2.44 अंको के साथ बी ग्रेड प्रदान किया। उक्त ग्रेड पहली ही बार में इतने कम प्राध्यापकों व संसाधनों के होते हुए भी महाविद्यालय अर्जित करने में कामयाब रहा। हमारा प्रयत्न है कि हम सभी उन मापदण्डों को पूरा करने की दिशा में कार्य करेंगे ताकि अगली बार बेहतर ग्रेड की ओर बढ़ा जा सके।

## 'शैक्षणिक यात्राएं'

विद्यार्थियों में लेखन व शोध के प्रति रूचि जागृत करने हेतु समय–2 पर शैक्षणिक यात्राओं का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ मे 11 नवम्बर, 2021 को जीव विज्ञान व वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापकों डॉ0 हरीश व प्रो0 मोनिका की अगुआई में एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा रिवालसर झील, नैना देवी मंदिर, मॉनेस्टरी के आस–पास के चिड़ियाघर के

वन्य प्राणियों, जड़ी–बूटियों झाड़ियों, पेड़–पौधों के बारे में जानकारियां विद्यार्थियों को दी गई।

महाविद्यालय के विद्यार्थी 7 से 11 अक्टूबर, 2021 को प्राचार्य डॉ0 बिपन चंद राठौर, डॉ0 सोहन लाल और प्रो0 प्रेम नेगी के नेतृत्व में शैक्षणिक यात्रा पर गए। यह यात्रा काला टॉप, डलहौज़ी, चम्बा, खजियार, चौगान, लक्ष्मीनारायण मंदिर, भूरी सिंह संग्रहालय, भागसूनाग, मक्लोड़गंज, वैजनाथ कांगड़ा किला, गोपालपुर चिड़ियाघर, डल झील, क्रिकेट स्टेडियम होते हुए वापिस कुल्लू पहुंचे। यह यात्रा अन्तयंत ज्ञानवर्द्धक, रोचक व जिज्ञासापूर्ण माहौल में तय की गई।

## ‘क्रीड़ा दिवस’

18 दिसम्बर, 2021 को प्रो0 जीत राम की कुशल देख–रेख में सालाना खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ के अलावा शॉट पुट, लॉंग जम्प, हाई जम्प के अतिरिक्त बॉलीवॉल, कबडड़ी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

## ‘राष्ट्रीय गणित दिवस’

22 दिसम्बर, 2021 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर ‘गणित सोसायटी’ ने गणित का प्रतिदिन की जीवनचर्या पर प्रभाव पर विद्यार्थियों से अपने विचार साझा करने की पहल की। इस अवसर पर 9 विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए और प्राध्यापक प्रो0 राजेश सिंह ने ‘वैदिक मैथ्स’ पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

## ‘विज्ञान दिवस’

28 फरवरी, 2022 को श्री कर्म सिंह की देख–रेख में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में प्राचार्य की अध्यक्षता में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, डॉ0 मनदीप शर्मा ने ‘Science for People and People for Science’ विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त Quiz व Daclamation का सफल आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ0 राम सिंह, प्रो0 मोनिका, प्रो0 राजेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रेड रिबन क्लब

01 दिसम्बर, 2021 को जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और स्वयं सेवा इकाई ने विश्व एड्स दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 बिपन चंद राठौर जी ने की। राठौर जी ने एचआईवी और इस पर हुए अब तक के शोध के बारे विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वीडियो के माध्यम से एचआईवी और एड्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान “End Inequalities. End AIDS” विषय पर पोस्टर

बनाना व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में संजना ने पहला, शुभम ने दूसरा और रितिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर बनाने में माधवी ने पहला, अनुराधा ने दूसरा, रजत और प्रीति ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में डॉ0 राकेश राणा, डॉ0 रोमेश चन्द्र, डॉ0 उरसेम लता, डॉ0 मही योगेश, प्रो0 मोनिका व रेड रिबन के नॉडल अधिकारी डॉ0 रामसिंह जी मौजूद रहे। रेड रिबन क्लब के प्रियंका कटोच ने मंच का संचालन किया।

## महिला दिवस

आज अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च, 2022 को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एन.एस.एस व वीमन सैल के संयुक्त तत्वाधान में प्रस्तुतियां दी गई। यह प्रस्तुतियां झारखण्ड की आदिवासी कवियत्री निर्मला पुतुल, लाहौल के कवि अजेय व सुन्दरनगर के स्वर्गीय कवि सुरेश सेन निशांत की कविताओं पर केन्द्रित थी। इसमें प्राध्यापकों प्रो0 स्नेहलता, डॉ0 मही योगेश, प्रो0 प्रेम नेगी, प्रो0 सुरेन्द्र सिंह के अतिरिक्त प्रियंका कटोच, अहल्या, दीपिका, दमयन्ती, सोनू और आंचल ने सक्रिय भागीदारी की।

## सेमिनार, कार्यशालाएं, वृतचित्र, दिवस

16 से 22 नवम्बर, 2021 को 'पारम्परिक खान–पान' की कार्यशाला का आयोजन समन्वयक प्रो0 सुरेन्द्र सिंह द्वारा महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में डॉ0 बिपन चंद राठौर, डॉ0 शीतल ठाकुर, डॉ0 प्रोमिला, पांगी कॉलेज मौजूद थे। कार्यशाला के समापन समारोह में डॉ0 प्रभात शर्मा पूर्व सचिव हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।

सोशोलोजिकल सोसायटी हिमाचल प्रदेश व जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर, मनाली के संयुक्त तत्वावधान में एक अर्न्तराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 18–20 नवम्बर, 2021 को किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो0 Dai-Yenu-Jeong, Dirctor Asia Climali Change Education, JEJU दक्षिण कोरिया व दूसरे वक्ता डॉ0 संजीव शर्मा, जे0एन0यू0 डॉ0 राकेश राणा, हरिपुर कॉलेज थे। डॉ0 बनयाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। डॉ0 शीतल ठाकुर उक्त संगोष्ठी की समन्वयक थी।

27–28 दिसम्बर, 2021 को हिमालयन कांउसिल फॉर सांइटिफिक रिसर्च और राजकीय महाविद्यालय हरिपुर कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में 'सोशियो कलचरल ट्रांसफॉरमेशन एक्सपलोरिंग पीपल, प्लेस एंड कल्चरल लैंडस्केप इन हिमालयन रिजन' विषय पर एक अर्न्तराष्ट्ररीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 सोनाली गुप्ता, डॉ0 सकलानी, डॉ0 सचिन कुमार जी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे।

11 दिसम्बर, 2021 को भूगोल विभाग के डॉ0 रोमेश चन्द्र व प्रो स्नेह राजगौड़ की देखरेख में **'International Mountain Day'** मनाया गया जिसमें प्राचार्य बिपन चंद राठौर ने 'ब्राउन बियर' पर अपनी प्रस्तुति पीपीटी के माध्यम से दी तथा उसके बाद 'कंचनजंगा' पर एक वृतचित्र दिखाया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ0 रोमेश चंद्र व प्रो0 स्नेह लता की देख–रेख में 27 सितम्बर, 2021 को **'World Toursim Day'** मनाया गया जिसमें प्राचार्य न पीपीटी के द्वारा पहाड़ी वन्य जीवों व वनस्पतियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद विद्यार्थियों की पांच टीमों के साथ एक क्विज़ का आयोजन किया गया।

## जीव विज्ञान विभाग

### 'स्नो लैपर्ड डे'

जीव विज्ञान विभाग ने 23 अक्टूबर, 2021 को **'wild life club'** के साथ मिलकर 'स्नो लैपर्ड दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 बिपन चंद राठौर द्वारा एक वक्तव्य दिया गया जो **'Snow Lapard'** के व्यवहार व विशेषताओं पर आधारित था।

### 'वन्य प्राणी सप्ताह'

4–7 अक्टूबर, 2021 को महाविद्यालय के जीव विज्ञान व वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक प्रो0 मोनिका व डॉ0 हरीश की देख–रेख में 4–7 अक्टूबर तक एक 'वन्यप्राणी सप्ताह' मनाया गया। जिसमें प्रकृति के वन्य जीव को लेकर रंगोली, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, पीपीटी, स्लोगन राइटिंग और क्विज़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## हिन्दी विभाग

### 'संस्मरण लेखन कार्यशाला'

नवलेखन कार्यशाला 20 सितम्बर से 10 मार्च माह के दौरान हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से इतर गद्य साहित्य की विधा 'संस्मरण' लेखन के प्रति जानकारियां देने के लिए आयोजित की गई। हिन्दी के महत्वपूर्ण संस्मरणों, रेखाचित्रों के पठन–पाठन के अतिरिक्त अन्य भाषाओं से हिन्दी में अनूदित संस्मरणों के लिंक पढ़ने को दिए गए यह प्रक्रिया लगभग चार महीने तक चलती रही जिसके बाद स्वरचित संस्मरण लेखन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्मरणों में से उत्कृष्ट संस्मरण ''मनुधरा–2022'' के लिए चयनित किए गए।

### 'कैलिग्राफी, कविता पोस्टर, वास्तुकला पेटिंग कार्यशाला'

8 नवम्बर से 14 नवम्बर, 2021 के बीच हिन्दी विभाग ने कैलिग्राफी, कविता पोस्टर, वास्तुकला पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन, आर्ट स्कूल राजीव गांधी कॉलेज, कोटशेरा के छात्र

सुरेश सोनी के सानिध्य में किया जिसमें सप्ताह भर के दौरान सीखे गए व अन्त में पुरस्कृत चित्र महाविद्यालय की ईमारत में निर्दिष्ट स्थानों पर लगाए गए।

## अंग्रेज़ी विभाग

राजकीय महाविद्यालय हरिपुर व बंजार महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दस द्विवसीय कार्यशाला 17–28 मई, 2021 तक 'Soft Skills and Communication Skills' का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 मही योगेश व डॉ0 राकेश राणा सहित लगभग 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

## एन.सी.सी

2020–21 का यह वर्ष हमारे कॉलेज के लिए एक बड़ा महत्वपूर्ण वर्ष रहा जिसमें प्रो0 लाल चन्द के कुशल नेतृत्व में एनसीसी आर्मी विंग की शुरूआत की गई और 14 लड़के व 8 लड़कियों को पंजीकृत किया गया। यह पंजीकरण एक एनसीसी कैडेट की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए चयन प्रक्रिया के द्वारा सफल हुआ। इस वर्ष एनसीसी कैडेटस ने कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई, 2021 को 2 HP BN NCC Mandi में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। 14 अगस्त, 2021 को महाविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव इतिहास व इको क्लब के साथ मिलकर मनाया गया। इस अवसर पर हैंडमेड ग्रीटिंग कार्डस व क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो हमारी आज़ादी के संघर्ष पर आधारित था।

21 अगस्त, 2021 को प्रो0 लाल चन्द के कुशल नेतृत्व में 2 HP BN NCC Mandi के प्रशिक्षक के साथ मिलकर 'Fit India Freedom run' 2.0 का आयोजन महाविद्यालय की यूनिट द्वारा आयोजित किया गया। 22 नवम्बर, 2021 से 28 नवम्बर, 2021 तक पंडोह मंडी में साप्ताहिक CATC कैम्प में 12 कैडेटस जो कि द्वितीय वर्ष से सम्बन्धित थे, ने भाग लिया।

## भूगोल विभाग

भूगोल विभाग द्वारा 19 फरवरी को एक व्यक्तव्य का आयोजन किया गया जो कि विषय विशेषज्ञ 'रिमोट सेंसिग व GIS' डॉ0 निशांत वैद्य के वक्तव्य से शुरू हुआ जिसमें विद्यार्थियों में से मनोज बीए तृतीय व राजकुमारी बीए तृतीय वर्ष, साक्षी ठाकुर बीए तृतीय वर्ष ने अपने विचार रिमोट सेसिंग पर प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अतिरिक्त विभाग के प्राध्यापकों डॉ0 रोमेश चन्दर व प्रो0 स्नेह लता ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

भूगोल व राजनीति विभाग के विद्यार्थियों को Field Visit हेतु डॉ0 रोमेश चन्दर व प्रो0 सुरेन्द्र चकलाड़ी व सोयल गांव के प्राकृतिक वातावरण, अतीत से वर्तमान समय के बीच आए सामाजिक पर्यावरणीय व आर्थिक बदलाव की जानकारी देने व उनकी चुनौतियों से निपटने के लिए 23 अक्टूबर, 2021 को आयोजित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई प्रो0 प्रेम के दिशा निर्देश में कार्य कर रही है। इस वर्ष भी 60 छात्र–छात्राएं इस इकाई में पंजीकृत हुए और इकाई ने सत्र के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां की।

24 अगस्त, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता, क्विज़, रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### विशेष वार्षिक शिविर

एन.एस.एस का वार्षिक शिविर 25 से 31 जनवरी के बीच में लगाया गया। इस वार्षिक शिविर में विभिन्न सत्र चलाए गए जिनमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवियों में नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास प्रराार्थभावना कार्य संस्कृति और नैतिक विकास को सुद्धढ़ करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक व बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बार्षिक शिविर के समापन समारोह में स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 बिपन चन्द राठौर ने एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवियों को समाज सेवा में अपना योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

### नशाखोरी पर जागरूकता

25 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा (SLCA) State Level Coordinating Agency के साथ मिलकर महाविद्यालय के छात्रों को Drug Abuse के विषय में जागरूक किया।

### महिला दिवस

महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा वुमन सेल के साथ मिलकर अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ और गायन तथा विभिन्न आचार्यों ने अपने विचार सांझा किये।

## रोवर्ज़ एण्ड रेंजर्ज़

रोवर्ज एण्ड रेंजर्ज़ ने कोरोना काल में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इन्होंने प्रशासन के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया जैसे कोरोना कफर्यू के दौरान व पंचायत चुनावों में लोगो की सहायता की। रेंजर जय ईशा ने इसी दौरान "Project Scouts Fight Against Corona 2.0" में भाग लिया जिसके लिए उसे महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में 22 फरवरी, 2021 को राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा शिमला में A+ grade से सम्मानित किया गया।

## प्राध्यापकों की उपलब्धियां

### डॉ0 मही योगेश (अंग्रेज़ी विभाग)

डॉ0 मही योगेश ने 3 अप्रैल, 2021 को Second National Confrence on Natural and Cultural Eco System में Geo Politics and Narratives on Livelihood in Himalayas विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में दोपहर बाद सत्र में भाग लिया।

डॉ0 मही योगेश ने English Teachers Forum के – Monday Musings के Story Festival में अपनी स्वरचित कहानी "The Hole in the Wall" का पाठ 19 अप्रैल, 2021 को किया।

इंग्लिश टीचर्ज़ फोरम द्वारा आयोजित 'मंडे म्यूज़िग्स' के अन्तर्गत स्टोरी टैलिंग सैशन–12 में योगेश्वर शर्मा की कहानी सत्र में होस्ट की भूमिका अदा की।

### डॉ0 उरसेम लता (हिन्दी विभाग)

विद्याभारती रिसर्च जर्नल में 'विजयदान देथा और हिन्दी कहानी' विषय पर पत्र छपा। 'JSSMS' रिसर्च जर्नल में कुल्लवी लोक साहित्य में उत्सव विषय पर पत्र छपा। बोहल शोध मंजूषा के 'किन्नर महाविशेषांक' में किन्नर और हिन्दी सिनेमा विषय पर पत्र छपा। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित त्रीद्विवीसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में आदिवासी–किसान आंदोलनः प्रतिरोध व मानवीय गरिमा का संघर्ष पर 4 फरवरी, 2022 को पत्र प्रस्तुत किया।

श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृति विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से आयोजित एक पांच दिवसीय कार्यशाला– Development & application of OER में 14–18 जून, 2021 में भाग लिया।

रामानुजन कॉलेज द्वारा द्विसाप्ताहिक ऑनलाईन रिफ्रेशर कोर्स 'हिन्दी भाषा और साहित्य' 20 नवम्बर से 4 दिसम्बर, 2021 में भाग लिया।

कला अकादमी मुम्बई और हैरिटेज फांउडेशन जलगांव द्वारा आयोजित एक सप्ताह के राष्ट्रीय स्तर समीति अवधि पाठ्क्रम 'म्यूज़ियम मैनेजमेंट' 1–7 सितम्बर, 2021 में भाग लिया।

विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरिशस और महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी–प्रेम चंद का रचना संसारः एक पुर्नपाठ में 31 जुलाई, 2021 को भाग लिया।

विधि भारती के रूसी भारतीय मैत्री संघ दिशा द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय परिषद दिल्ली कार्यशाला–हिन्दी अनुसंधान कार्य दशा व दिशा विषय पर 27–28 जुलाई, 2021 में भाग लिया।

गर्वनमेंट कॉलेज फॉर वुमन, थिरूवनन्तपुरम द्वारा आयोजित लैक्चर श्रृंखला–35 'समकालीन हिन्दी नाटकः स्त्री मुक्ति का प्रश्न' में 20 जून 2021 को भाग लिया।

## प्रो0 स्नेह लता (भूगोल विभाग)

प्रो0 स्नेह लता, भूगोल विभाग की सहायक प्रोफेसर ने यू.जी.सी. द्वारा प्रायोजित दो सप्ताह के एफ.डी.पी कार्यक्रम ''एन्हांसिग साइकोलॉजिकल स्किल्स फॉर टीचींग एण्ड प्रैक्टिस'' जो रामानुज कॉलेज, दिल्ली .. द्वारा 15 से 29 सितम्बर, 2021 को ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित किया गया, में भाग लिया।

ऑनलाइन माध्यम से आयोजित एक कार्यशाला 9 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2021 के बीच 'क्रिटिकल थिंकिग कार्यशाला' में भाग लिया।

रामानुज कॉलेज द्वारा आयोजित Geography, Geographes and Geospatial Technologies:impacting Physical Social Gendered spar 2021' द्विसप्ताहिक रिफेशर कोर्स 22 नवम्बर से 6 दिसम्बर, 2021 तक भाग लिया।

## प्रो0 इन्दु ठाकुर (वाणिज्य विभाग)

प्रो0 इन्दु ठाकुर ने डिस्ट्रिब्युशन सिस्टमः ए वून टू बी.पी.एल. फैमिलिज़ विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

'परफॉरमेंन्स एनलिसिज़ ऑफ पी.डी.एस इन हिमाचल प्रदेश' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

3–4 दिसम्बर, 2021 को महाविद्यालय नाहन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी ''टूवर्डज़ ए ओर फलैक्टिवल पैडागॉजी एट हायर एजुकेशन लैवल' फ्रॉम टीचर्ज परस्पैक्टिव'' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

## प्रो0 राजेश सिंह (गणित विभाग)

गणित विभाग के सहायक प्रो0 राजेश सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला से दिनांक 13.09.2021 से 23.09.2021 तक रिफ्रेश्र कोर्स किया।

प्रो0 राजेश सिंह, गणित विभाग के सहायक प्रोफेसर ने एक महीने के FDP 18 नवम्बर 2020 से 17 दिसम्बर 2020 में भाग लिया।

## डॉ0 मनीष सूद (वाणिज्य विभाग)

डॉ0 मनीष सूद, सहायक प्रो0 कॉमर्स विभाग ने एक महीने का ओरियेन्टेशन कार्यक्रम (गुरू दक्षता) में 18 जनवरी, 2021 से 16 फरवरी, 2021 के बीच एच.आर.डी.सी., हिमाचल प्रदेश शिमला में भाग लिया।

डॉ0 मनीष सूद ने 16 जुलाई, 2021 को क्रिस्चियन, एमिनेन्ट कॉलेज इन्दौर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

द्विसाप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स, एडवान्सड रिसर्च मैथेडॉलॉजी 20 अगस्त–3 सितम्बर, 2021 के बीच रामानुजन कॉलेज द्वारा आयोजन कोर्स में भाग लिया।

## डॉ0 शीतल ठाकुर (समाजशास्त्र विभाग)

प्रो0 शीतल ठाकुर ने जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय व हिमालय कांउसिल फॉर सांइटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सोशियो क्लचरल ट्रांसफॉरमेशन ऑफ हिमालयाज़ः एक्सपलोरिंग पीपल, प्लेस एंड कल्चरल लैडरशिप इन हिमालय रिजन में समन्वयक के रूप में कार्य किया। संगोष्ठी 27–28 दिसम्बर, 2021 को आयोजित की गई।

द्वितीय अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी 'ट्रांसफॉर्मिंग एशियाः डेवलपमेंट टूरिज्म एंड एन्वायरनमेंट इन मांउटेन्स' विषय पर 18–20 नवम्बर, 2021 में ऑरगेनाइजिंग सेक्रेटरी के रूप में सक्रिय भागीदारी की।

योगा की एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला में 7 जून–12 जून, 2021 में भाग लिया, कार्यशाला का आयोजन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 'योगा स्टडीज़' के द्वारा किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून, 2021 को आयोजित इंटरनेशनल डायलोग ऑन इकोलोजिकल रेस्टारेशन में भाग लिया जिसका आयोजन एम.एल सुखादिया विश्वविद्यालय उदयपुर अग्रवाल कन्या महाविद्यालय गंगापुर में भाग लिया।

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविदयालय द्वारा आयोजित क्रिटिकल थिकिंग कार्यशाला ऑनलाइन 9.04.2021 से 15.04.2021 में भाग लिया।

## प्रो0 सुरेन्द्र सिंह (राजनीति विज्ञान विभाग)

प्रो0 सुरेन्द्र सिंह ने 18–20 नवम्बर, 2021 को SSHP द्वारा आयोजित अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी जिसका आयोजन सोशोलॉजिकल सोसायटी हि0प्र0 व जवाहरलाल राजकीय महाविद्यालय हरिपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था में अध्यक्षता की। प्रो0 सुरेन्द्र सिंह उक्त संगोष्ठी के समन्वयक भी रहे।

महाराष्ट्र नैशनल यूनिवर्सिटी नागपुर द्वारा आयोजित एक वक्तव्य श्रृंखला में आमंत्रित वक्ता के रूप में 'Integration of Indian States: Sardar Vallabhbhai Patel as the Architect of Uited India' में 13 मार्च, 2021 को शिरकत की।

30 जून, 2021 को महाविद्यालय द्वारा आयोजित अर्न्तराज्य बेव संगोष्ठी State, Market and Society के समन्वयक के रूप में भागीदारी की।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय सीमित आवादी प्रशिक्षण कार्यक्रम Critical Thinking Workshop में 9 अप्रैल 2021–15 अप्रैल 2021 में समन्वयक के रूप में भागीदारी की।

एसडी कॉलेज खैरी गुरना, बनूर द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'Faculty Development Programme' में भाग लिया।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा (राजनीतिक विज्ञान) विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स विषय पर 13–25 दिसम्बर, 2021 में भाग लिया।

IIHSG नई दिल्ली व IIS, कैलिफोर्निया, यू.एस.ए. द्वारा आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी 23–25 फरवरी, 2022 में अध्यक्षता की।

IIHSG नई दिल्ली व IIS, कैलिफोर्निया, यू.एस.ए. में Globalisation and non traditional security threats in India विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

16–22 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारम्परिक खान–पान 'Treditional Local Foods in Western Himalyas' राष्ट्रीय कार्यशाला में समन्वयक के रूप में भागीदारी की।

27–28 दिसम्बर, 2022 को आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय बेव संगोष्ठी 'Tribal in Himalayas' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

अर्न्तराष्ट्रीय बेव संगोष्ठी "Grassroot Globalisation:facing theoretical Perspective in Tribla Society" में 'contextualising Local realities in Global World' में पत्र प्रस्तुत किया।

30 जून, 2021 को महाविद्यालय द्वारा आयोजित बेव संगोष्ठी में 'Sestemic Global Economic Power structure and Local Tribal Narratives: A case of Pangwala Tribes' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

## प्रो0 प्रीति ठकुर (इतिहास विभाग)

प्रो0 प्रीति ने 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2021 तक रामानुजन कॉलेज द्वारा आयोजित एक माह के ओरियेन्टेशन प्रोग्राम में भाग लिया।

16 से 22 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारम्परिक खान–पान राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Traditional to Modernity: Transformation among Lahoula Women' पर पत्र प्रस्तुत किया।

18–20 नवम्बर, 2021 में Issues and Conflict: After the great Himalayan National Park came into Existence विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

प्रो0 प्रीति ठाकुर ने अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी जो कि 27–28 दिसम्बर, 2021 को आयोजित की गई में सह–समन्व्यक के रूप में भागीदारी की।

## प्रो0 प्रेम दास (राजनीति विज्ञान विभाग)

प्रो0 प्रेम दास ने 20 दिसम्बर, 2021 से 19 जनवरी, 2022 तक रामानुजन कॉलेज द्वारा आयोजित एक माह के ओरियेन्टेशन प्रोग्राम में भाग लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी जो कि 27–28 दिसम्बर, 2021 को आयोजित की गई में Assam: Demographic setting and socio-Eco Structure विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

18–20 नवम्बर, 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय बेव संगोष्ठी में Ecological and economic impact of tourism in context of special category state विषय पर पत्र प्रस्तुत किया तथा सह–अध्यक्षता भी की।

16 से 22 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारम्परिक खान–पान राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

## धन्यवाद ज्ञापन

मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय मुख्य अतिथि महोदय का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने व्यस्तताओं के वाबज़ूद हमारे इस वार्षिक उत्सव पर पधार कर हमारा उत्साह वर्धन किया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारी वर्ग और समस्त छात्र–छात्राओं का धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्होंने इस समारोह को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दिया।

अध्यापक–अभिभावक संघ के प्रधान व समस्त कार्यकारिणी का भी मैं धन्यवाद करता हूं जिन्होंने महाविद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया है।

मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बधाई देता हूं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है। अन्त में मैं एक बार फिर मुख्य अतिथि श्री गोविन्द ठाकुर जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर संस्था में पधारने की कृपा की।

धन्यवाद।